Need to correct the style of name of 'Bhoyarpawar caste as 'Bhoyar Pawar' in the Central list of OBCs ? laid

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): केंद्रीय राजपत्र के ओबीसी सूची में भोयरपवार जाति को एक साथ ही दर्शाया जाने के कारण जिन लोगों ने अपनी जाति पवार लिखा है उन्हें केंद्र में आरक्षण कि सुविधा नहीं मिल रही है। इस सूची में भोयरपवार के बीच में अल्पविराम (,) डालने के (भोयर, पवार) लिए विगत कई वर्षों से मै सम्बंधित मंत्रालय में कई बार पत्राचार करने के साथ-साथ माननीय मंत्री जी और वरिष्ठ अधिकारियो से अभाभोप महासंघ एवं युवा भोयर पवार मंच के लोगों के साथ मिल कर निवेदन भी दे चुका हूँ। मेरा माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री जी से अनुरोध है कि इस अति महत्वपूर्ण विषय का जल्दी संज्ञान लेते हुए उचित कारवाही करने की कृपा करें ताकि भोयार और पवार जाति के लोगो को जल्दी न्याय मिल सके और सरकारी नौकरियों में वे भी आरक्षण की सुविधा का लाभ ले सकें।